विश्व हिंदी दिवस

10 जनवरी**, 2024**

प्रोफेसर योशिफुमी मिज़ुनो, टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ़ फॉरेन स्टडीज़ में हिंद विभाग के प्रमुख।

प्रोफेसर ताकेशी फूजी, टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ़ फॉरेन स्टडीज़ के प्रोफेसर एमेरिटस प्रतिष्ठित हिन्दी विद्वान।

अतिथिगण और प्यारे बच्चों।

आप सभी को विश्व हिंदी दिवस, 2024 की अनंत बधाइयाँ तथा शुभकामनाएं।

विश्व हिंदी दिवस की औपचारिक रूप से कल्पना 1975 में नागपुर, भारत में आयोजित प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन के दौरान की गई थी। 10 जनवरी वह दिन है जब इस महत्वपूर्ण सम्मेलन की वर्षगांठ को याद करते हुए दुनिया भर में यह विशेष दिन मनाया जाता है।

2. राष्ट्रभाषा के महत्व को इसी बात से समझा जा सकता है कि हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पिछले साल मई में जी 7 शिखर सम्मेलन के लिए हिरोशिमा की अपनी यात्रा के दौरान प्रसिद्ध जापानी हिंदी विद्वान प्रोफेसर टोमियो मिज़ोकामी को एक बैठक के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया और जापान में हिंदी को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की।

3. आज हिंदी विश्व के करोड़ों लोगों की मातृभाषा है और असंख्य लोगों ने मातृभाषा न होते हुए भी उससे प्यार किया है।

4. हिंदी जापान और भारत के पारस्परिक संबंधों के विकास में भी बड़ी भूमिका अदा करती रही है। साथ ही साथ, जापान में हिंदी अध्ययन की एक लम्बी परम्परा रही है जैसे टोक्यो विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय, ओसाका विश्वविद्यालय, डाइतो बुन्का विश्वविद्यालय, ताकुशोकु विश्वविद्यालय। मुझे खुशी है कि आज के हमारे इस आयोजन में आपको ऐसे कई विख्यात जापानी विद्वानों का भाषण सुनने को मिलेगा । मैं हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार के लिए टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ फॉरेन स्टडीज के कार्यों की विशेष रूप से सराहना करना चाहूंगा।

5. मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप सभी अपने दैनिक जीवन में इस सुन्दर भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग कर के अपने जीवन को और भी समृद्ध बनाएं ।

एक बार पुनः आप सभी को विश्व हिंदी दिवस की बधाइयाँ।

धन्यवाद।